चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम

चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,
याहा विराजे दाता बन कर ॐ साई राम,
चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,

साई के दर्शन कर हम करेंगे उनका ध्यान,
हाथ जोड़ कर वंदन और महिमा का गुण गान,
करेंगे हम उनके चरणों में वारम वार परणाम,
चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,

पा कर उनकी करुणा हम और किरपा की छा,
कर देंगे उनके हवाले इस जीवन की नाव,
लेंगे साई हम भक्तो की नैया को अब थाम,
चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,

अर्पण उनको कर देते हम अपने दुख संताप,
हर लेते पल में हमारे जन्मो के वो पाप,
दमान खुशियों से भर देंगे करेंगे पुरण काम,
चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,

करेगी उनकी पूजा हम सेवा है बारम्बार,
भजन और कीर्तन प्रेम से उनकी बोलो जय जय कार,
साई शरण में हो अपने इस जीवन की शाम,
चलो रे साई धाम शिरडी चलो रे साई धाम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13993/title/chalo-re-sai-dhaam-shirdi-chalo-re-sai-dham

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |